गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
ग्रेटर नोएडा
गौतम बुद्ध नगर

व्यवस्थापक बोर्ड की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के व्यवस्थापक बोर्ड की चतुर्थ बैठक मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनाँक 01 अगस्त,2015 को अपराहन् 11:00 बजे मुख्य सचिव कार्यालय, प्रथम तल, सचिवालय एनेक्सी, लखनऊ में समन्न हुई जिसमे निम्नवत् सदस्यों ने भाग लियाः

1.	श्री आलोक रंजन मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।	....	अध्यक्ष
2.	डा0 जे. पी. शर्मा कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।	......	सदस्य- सचिव
3.	प्रो0 डी. वी. सिंह पूर्व कुलपति, रूडकी विश्वविद्यालय, रूडकी।	....	सदस्य
4.	प्रो0 प्रकाश चन्द्र कटियार इन्सटीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर।	....	सदस्य
5.	प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग लाल बहादुर शास्त्री भवन लखनऊ।	....	सदस्य

जो सदस्य उपस्थित नही हो सके।

6.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नामित सदस्य	....	सदस्य
7.	प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा नामित सदस्य		
8.	प्रो0 आरोक्य सामी पूर्व प्रोफेसर आई.आई.टी. दिल्ली।	....	सदस्य

4

04.01 व्यवस्थापक बोर्ड के पुर्नगठन के सम्बन्ध में बोर्ड का अवगत कराना। बोर्ड के नये माननीय सदस्यों का अभिवादन व जिन सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, उनकी सेवा एवं सहयोग हेतु धन्यवाद।

व्यवस्थापक बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एव सदस्यों को धन्यवाद एवं नवनियुक्ति अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यो का अभिनन्दन करते हुए बैठक आरम्भ की गई।

04.02 व्यवस्थापक बोर्ड की दिनाँक 06 मई,2011 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।

विश्वविद्यालय व्यवस्थापक बोर्ड की दिनाँक 06 मई,2011 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक के कार्यवृत्त पर बोर्ड के सम्मानित सदस्यों ने अपना अनुमोदन इस निर्देश के साथ प्रदान किया कि व्यवस्थापक बोर्ड की बैठक वार्षिक रूप से करायी जाये।

04.03 व्यवस्थापक बोर्ड की दिनाँक 06 मई,2011 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही का विवरण।

विश्वविद्यालय के व्यस्थापक बोर्ड की दिनाँकः 06 मई,2011 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही से बोर्ड अवगत हुआ।

04.04 विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की तृतीय बैठक से सोलहवीं बैठक तक के कार्यवृत्त सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।

विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की सम्पन्न हुई तृतीय बैठक से सोलहवी बैठकों के कार्यवृत्त ~~बोर्ड~~ से बोर्ड अवगत हुआ एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

04.05 विश्वविद्यालय के संकलित अध्यादेश (Compiled Ordinance) सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।

विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड एवं विद्या परिषद की विभिन्न बैठकों में लिये गये निर्णय के अनुसार तैयार संकलित संकलित अध्यादेश (Compiled Ordinance) को बोर्ड द्वारा प्रशंसा करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

04.06 विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या पर विचार एवं अनुमोदन।

विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या का बोर्ड के सम्मानित सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया।

C4

04.07 वित्तीय वर्ष 2014-15 का वास्तविक एवं वित्तीय वर्ष 2015-16 का अनुमानित आय व्ययक अनुमोदनार्थ।

बोर्ड के सम्मानित सदस्यों द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 का वास्तविक एवं वित्तीय वर्ष 2015-16 का अनुमानित आय व्ययक अनुमादित किया गया। इसमें निर्देश दिया गया कि वह व्यय नियंत्रण तथा आय की वृद्धि के लिए एक ब्लू प्रिन्ट तैयार किया जाये ताकि उसकी मोनिटरिंग की जा सके।

04.08 स्थाई विन्यास निधि (एण्डाउमेंट फण्ड) की धनराशि की सीमा बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।

स्थयी विन्यास निधि 100 करोड (सौ करोड मात्र) किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई तथा भुगतान की प्रकिय पूर्ववत् रखने की बात कही गई क्योंकि भविष्य में नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा के माध्यम से प्राप्त होने वाली धनराशि में विलम्ब नही होगा।

04.08 गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14, 2014-15 के आय व्यय **(Income and Expenditure)** खाते व सम्परीक्षित तुलन पत्र **(Balance Sheet)** पर विचार एवं अनुमोदन।

बोर्ड के सम्मानित सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14, 2014-15 के आय व्यय (Income and Expenditure) व सम्परीक्षित तुलन पत्र (Balance Sheet) पर विचार एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

04.10 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं अनुमोदन।

4.10(1) गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के मध्य हुए अनुबन्ध के सम्बन्ध में बोर्ड को अवगत कराया जाना।

बोर्ड के सम्मानित सदस्यों द्वारा गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के मध्य हुए अनुबन्ध की प्रशंसा की एवं इसे विश्वविद्यालय के हित में महत्पूर्ण मानते हुए अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

4.10(2) विश्वविद्यालय में ~~निरंतर~~ शैक्षणिक तथा शोध सम्बन्धी गतिविधियों को निरंतर मूल्यांकन किया जाये।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(आलोक रंजन)
अध्यक्ष
व्यवस्थापक बोर्ड एवं
मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

1/8/2015
(डा0 जे.पी. शर्मा)
सदस्य-सचिव एवं
कुलपति
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
ग्रेटर नोएडा